सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 10 | इंदौर, गुरुवार 30 जुलाई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# गुरुकुल परम्परा और नवीन तकनीक से गढ़ेंगे भविष्य का मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## उज्जैन में खुलेगी धन्वंतरी मेडिकल यूनिवर्सिटी

- गुरु पूर्णिमा पर उज्जैन से हुआ प्रदेश में नए शैक्षणिक युग का शुभारंभ
- मुख्यमंत्री ने 1000 प्राथमिक शिक्षकों को दिए नियुक्ति पत्र



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति इसकी गुरू परम्परा है। जब गुरूकुल के संस्कार आधुनिक विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की अतिरिक्त क्षमता से जुड़ेंगे, तब हमारी ऐसी पीढ़ी तैयार होगी, जो ज्ञान में श्रेष्ठ, चरित्र में उत्कृष्ट और राष्ट्र निर्माण के प्रति एकनिष्ठ होगी। यही विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत की सबसे बड़ी नींव है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना आधुनिक शिक्षा और अत्याधुनिक कक्षाओं से ही पूरा होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय हमारी पुरातन गुरूकुल शिक्षा पद्धति का नूतन एवं आधुनिक स्वरूप है। इन विद्यालयों के माध्यम से एक बेहतर कल की ओर बढ़ रहे हैं। इन विद्यालयों से हम अपने लाखों विद्यार्थियों का एक सुनहरा भविष्य गढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षा, संस्कार, तकनीक और सांस्कृति चेतना के अद्भुत समन्वय का संदेश देकर कहा कि मध्यप्रदेश में विकसित हो रहे सांदीपनि विद्यालय भविष्य के भारत के निर्माण की आधारशिला सिद्ध होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को 'गुरू पूर्णिमा महोत्सव' के अवसर पर उज्जैन के माधव विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित 'महर्षि सांदीपनि गुरू पर्व' समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस मौके पर उज्जैन जिले के लिए कुल 587.23 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न श्रेणी के 9 बड़े विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बीते तीन वर्ष तक बोर्ड परीक्षाओं में लगातार शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले 6 प्राचार्यों को सांदीपनि अलंकरण से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कूल शिक्षा विभाग में नव नियुक्त 7500 प्राथमिक शाला शिक्षकों में से 10 शिक्षकों को प्रतीकात्मक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर केंद्रित 'मिशन बुनियाद' का शुभारंभ किया। यह मिशन प्रदेश के 8 जिलों में 500 शासकीय स्कूलों में चलाया जाएगा। इसमें कक्षा में 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को एआई से पर्सनली पढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'सर्वांग' एवं 'श्रीकृष्ण विद्यांजलि' नामक दो पुस्तिकाओं का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेशनल मीन्स कम मेरिट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में भव्य गीता भवन बनाने का संकल्प लिया है। आज उज्जैन में गीता भवन का लोकार्पण नागरिकों के लिए कई प्रकार से सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। यह शिक्षा विभाग का गीता भवन है। नगर निगम और उज्जैन विकास प्राधिकरण के भी अलग-अलग गीता भवन बनाए जाएंगे। सिंहस्थः 2028 की तैयारियों के साथ ही इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन सिटी के विकास कार्य भी निरंतर जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी विभागों में नई भर्तियों की शुरुआत की है। विगत दो साल में पुलिस विभाग में 18 हजार से अधिक पदों पर भर्ती करने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में 10 हजार शिक्षकों की भर्ती का काम पूरा हुआ है। आज 3 संभागों के लगभग 1000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिले हैं। उन्होंने कहा कि ये शिक्षक महर्षि सांदीपनि के वंशज के रूप में जाने जाएंगे। शिक्षक भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता के भाव से बच्चों को शिक्षित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शासकीय विद्यालयों के ऐसे प्राचार्यों को, जिन्होंने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में तीन साल तक शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया है, उन्हें सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ऐसे सभी स्कूलों के प्राचार्यों को 1 लाख रुपए की सम्मान राशि और प्राध्यापकों के साथ स्कूल में विकास कार्यों के लिए 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इससे स्कूल शिक्षा में और बेहतरी का एक सकारात्मक संदेश जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जबलपुर में एकमात्र मेडिकल यूनिवर्सिटी है। दूसरी की महती आवश्यकता महसूस हो रही है। इसलिए अब उज्जैन में ही नवीन धनवन्तरी चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूल से लेकर विदेशों में पढ़ाई तक हर स्तर पर सहायता करने के लिए तैयार है। मध्यप्रदेश, पूरे देश का इकलौता राज्य है, जो 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को डॉक्टर बनाने के लिए उनकी फीस के रूप में 70 से 80 लाख रूपए तक खर्च कर रहा है। स्कूली विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों से लेकर गणवेश, साइकिल से लेकर स्कूटी तक हमारी सरकार उपलब्ध करा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने बच्चों की पढ़ाई के लिए एआई आधारित मिशन बुनियाद अंतर्गत नई शिक्षा योजना की शुरुआत कर दी है। यह प्रदेश की शिक्षा पद्धति में एक नये युग के आरंभ जैसा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'गुरु पूर्णिमा महोत्सव' के अवसर पर प्रदेशभर में 60 नए सांदीपनि विद्यालयों की सौगात मिली है। इनमें 39 स्कूल शिक्षा विभाग और 21 जनजातीय कार्य विभाग के हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सर्वसुविधायुक्त सांदीपनि विद्यालय भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का स्मरण कराते हैं। पहले और दूसरे चरण में सांदीपनि विद्यालयों के निर्माण पर हमारी सरकार करीब 25 हजार 500 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों के लिए हमारे पास धन की कोई कमी नहीं है। अब निजी स्कूलों के विद्यार्थी भी बड़े पैमाने पर हमारे सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश ले रहे हैं, लेकिन पहले सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक पढ़ चुके विद्यार्थियों को मौका दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अवन्तिका नगरी (उज्जैन) दुनिया की 7 पवित्र नगरियों में से एक है, जहां बाबा महाकाल विराजे हैं। जन्म-मृत्यु सब बाबा महाकाल के हाथों में है। उज्जैन ज्ञान-विज्ञान और इतिहास की धरती है। उन्होंने गुरू की महत्ता बताते हुए कहा कि माता-पिता प्रथम गुरू होते है। जीवन में माता-पिता से हम कभी भी ऊऋण नहीं हो सकते हैं। गुरु की महिमा ऐसी है कि उसे भगवान से भी श्रेष्ठ माना गया है। लेकिन सांदीपनि गुरु ने अपने परम शिष्य (भगवान श्रीकृष्ण) को जगतगुरू के रूप में देखा। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में ही भगवान श्रीकृष्ण को पुस्तकीय ज्ञान से कहीं अधिक यथार्थ कर्मवाद की शिक्षा मिली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा ज्ञान कदम-कदम पर अपनी परीक्षा मांगता है।

## मैं लूंगा जिम्मेदारी, डरने की जरूरत नहीं... छात्रों पर हिंसा के आरोप के बीच जवानों से बोले CRPF चीफ



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक को लेकर हुए छात्र आंदोलन के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा कथित तौर पर बर्बरता के आरोपों के बीच CRPF चीफ ने बड़ा दिया है। एक कार्यक्रम में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने अपने जवानों और अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते नजर आए। उन्होंने कार्यक्रम में जवानों को संबोधित करते हुए साफ कहा है कि ड्यूटी के दौरान जवानों द्वारा लिए गए हर फैसले की जिम्मेदारी वे खुद लेंगे।

सोमवार को सीआरपीएफ के इन्वेस्टीचर समारोह को संबोधित करते हुए DG ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने जवानों से कहा, 'सीआरपीएफ के महानिदेशक के रूप में आप सभी को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि चाहे आप ऑपरेशनल बटालियन हों या कानून-व्यवस्था यूनिट हो, आप सभी, राष्ट्र हित में, जनहित में और बल हित में जो भी निर्णय लेते हैं, उन सभी एक्शन का दायित्व मेरा है।" CRPF चीफ ने आगे कहा, "निर्भय होकर अपना काम करते रहें। जहां भी जवाबदेही तय करने की जरूरत होगी, मैं महानिदेशक के तौर उसकी जिम्मेदारी लूंगा।" इससे पहले इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक CRPF मुख्यालय ने अपनी सभी फील्ड टुकड़ियों को यह संदेश जारी कर हालिया तैनातियों के दौरान जवानों के 'धैर्य और सहनशीलता' की तारीफ भी की है। हालांकि, केंद्रीय बल ने यह भी साफ कर दिया कि जानबूझकर की गई लापरवाही या कानून का उल्लंघन करने पर नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। गौरतलब कि सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) इस समय जांच के दायरे में है। 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च के दौरान जंतर-मंतर और दिल्ली के अन्य इलाकों में भीड़ को संभालने के RAF के तरीके पर सवाल उठ रहे हैं। RAF, सीआरपीएफ की एक विशेष यूनिट है। इस यूनिट को 1992 में दंगे और सार्वजनिक अशांति जैसी स्थितियों से निपटने के लिए बनाया गया था।

## सोनम वांगचुक को पसंद आया मोदी सरकार का कदम, कहा- मैं खुश हूं



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** नीट पेपर लीक को लेकर मोदी सरकार के मंत्री का इस्तीफा मांगते हुए 26 दिनों तक अनशन करने वाले सोनम वांगचुक ने केंद्र की ओर से उठाए गए कदम पर खुशी जाहिर की है। दिल्ली में आंदोलन के बाद कश्मीर में एक दिन आराम करके लद्दाख लौटते हुए सोनम वांगचुक ने संसद में पेपर लीक के खिलाफ बिल लाए जाने से खुश हैं। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि इस दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की कि वादे के मुताबिक प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई ना की जाए।

जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन के दौरान अनशन करने वाले सोनम वांगचुक को इस आंदोलन की सफलता का बड़ा सूत्रधार माना जाता है। वांगचुक को जब 18 जुलाई को जंतर-मंतर से उठाया गया तो सहानुभूतिवश भीड़ उमड़ पड़ी और समर्थकों के बिना सूने पड़े आंदोलन में ऐसी जान आई कि केंद्र सरकार को अपने शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेना पड़ा।

कांवड़ यात्रियों के लिए दो बड़े पड़ाव

# रुकने-खाने, मेडिकल और सुरक्षा की रहेंगी पूरी सुविधाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सावन माह के साथ ही शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर इंदौर जिले में विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। ये इंतजाम कांवड़ यात्रियों के लिए किए जा रहे हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।**



सीएम डॉ.मोहन यादव के निर्देश पर इंदौर जिले में कांवड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर विशेष तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रशासन ने खंडवा रोड स्थित बाईग्राम और उज्जैन रोड पर सांवेर के ग्राम राजोदा में कांवड़ यात्रियों के लिए विशेष पड़ाव स्थल बनाने का निर्णय लिया है। यहां श्रद्धालुओं के रुकने, खाने, चाय-नाश्ता, पानी, मेडिकल सुविधा और सुरक्षा सहित कई जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बुधवार को कलेक्टर शिवम वर्मा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित पड़ाव बाईग्राम पर चल रही तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहना चाहिए। कांवड़ यात्रियों को पूरी यात्रा के दौरान किसी भी तरह की असुविधा का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा - पड़ाव स्थल पर पानी, साफ वॉशरूम, विश्राम की व्यवस्था, लाइट, साफ-सफाई, मेडिकल हेल्प और सुरक्षा के पूरे इंतजाम सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल के साथ सभी तैयारियां समय पर पूरी करने को कहा है। उन्हें ये भी बताया गया है कि कांवड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। जरूरत अनुसार सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित रूप से श्रद्धापूर्ण माहौल में अपनी यात्रा पूरी कर सकें। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी कहा है कि इंदौर जिले से होकर जाने वाली कांवड़ यात्रा रास्ते पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त लाइट की व्यवस्था करें। जहां कहीं भी रोड की मरम्मत की जरूत है, उसे तुरंत ठीक कराए। पुलिस अधिकारियों से कहा है कि कांवड़ यात्रा रोड पर ट्रैफिक मैनेजमेंट बेहतर हो। ट्रैफिक व्यवस्था ऐसी हो कि श्रद्धालुओं का आना-जाना सुरक्षित और बिना परेशानी के हो।

# नलों से निकल रहा काला और बदबूदार पानी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भागीरथपुरा के बाद मुसाखेड़ी क्षेत्र स्थित अजय बाग कॉलोनी के करीब 400 परिवार पिछले दो महीने से दूषित पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। नर्मदा लाइन से आने वाला पानी काला और बदबूदार होने के कारण रहवासियों में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है।

कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम की ओर से अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। रहवासियों के अनुसार सुबह पानी की सप्लाई शुरू होने के बाद करीब 15 मिनट तक नलों से काला पानी निकलता है। इस पानी से गटर जैसी दुर्गंध आती है, जिससे लोग इसे पीने और घरेलू उपयोग में लेने से भी डर रहे हैं। उनका कहना है कि दूषित पानी के कारण कई परिवारों के सदस्य बीमार भी पड़ रहे हैं। अजय बाग कॉलोनी नगर निगम के जोन-18, वार्ड क्रमांक-52 में आती है। कॉलोनी में अधिकांश घरों में बोरिंग की सुविधा नहीं है। ऐसे में रहवासी पूरी तरह नर्मदा जलापूर्ति पर निर्भर हैं। मजबूरी में लोगों को या तो दूषित पानी का उपयोग करना पड़ रहा है या फिर पीने के लिए बाहर से पानी खरीदना पड़ रहा है। रहवासियों का आरोप है कि उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और नगर निगम के 311 ऐप पर कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन बिना स्थायी समाधान किए शिकायतों का निराकरण दिखाकर उन्हें बंद कर दिया गया।

# संस्था "आदित्य" की शानदार दसवीं प्रस्तुति में होगा इस बार "भव्य सावन महोत्सव & कार्निवाल

## मध्य प्रदेश गौरव व पत्रकार, प्रतिभा सम्मान समारोह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** धार रोड स्थित कीमती गार्डन में 8 अगस्त शनिवार को आयोजित 'भव्य सावन महोत्सव &कार्निवाल व मध्यप्रदेश गौरव व पत्रकार,प्रतिभा सम्मान समारोह में देश की व शहर की कई हस्तियां मौजूद रहेगी व वरिष्ठ कलमकारों पत्रकारों को भी विशेष सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। साथ ही साथ ही महिलाओं में उद्यमिता व व्यवसायिक क्षमता बढ़े उसके लिए राखी ट्रेड फेयर का भी आयोजन किया जा रहा है व इंदौर चाट चौपाटी भी लगाई जाएंगी ।सावन की थीम पर महिलाओं व युवतियों के लिए ट्रेडिशनल फैशन शो का आयोजन इस अवसर पर किया जाएगा। संस्था के संयोजक सचिन नीमा ने बताया की तीन हस्तियां जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री उपाधि से सम्मानित किया गया हैं वे कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे व उनका विशेष सम्मान किया जायेगा जिनमे में पद्मश्री गोकुल उत्सव जी महाराज ,डॉ.नारायण व्यास और जगदीश जी जोशीला जी शामिल है। उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष व मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के बड़े भाई नंदलाल जी यादव 'नंदू भय्या' और राष्ट्रकवि पंडित सत्यनारायण 'सत्तन'को 'आदित्य'सम्मान दिया जायेगा।पूर्व लोकसभा स्पीकर व पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन जी को 'माँ अहिल्या गौरव'सम्मान'दिया जायेगा। महाकाल मंदिर के प्रमुख पुजारी व फ़िल्म 'परदेशी बाबू'में अभिनय कर चुके पंडित रमन त्रिवेदी को भी सम्मानित किया जायेगा। वही फेमस टीवी एक्ट्रेस राशिका नीमा व मुंबई की बॉलीवुड मिस्टर&मिसेस अवार्ड विनर सुमन त्रिपाठी व दूरदर्शन की न्यूज एंकर व टीवी जर्नलिस्ट सुमिता सिरोठिया को भी 'नारी सम्मान'से नवाजा जायेगा। वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी महावीर जैन का 'नागरिक अभिनंदन'भी इस अवसर पर किया जायेगा।पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नीमा कार्यक्रम के विशेष अतिथि रहेंगे। साथ ही इस अवसर पर फेमस सिंगर सुनील शर्मा व गुजरात की परफॉर्मर सिंगर बेला पटेल,सेक्सोफोन प्लेयरओम पिपलोदिया को 'बेस्ट परफार्मर अवार्ड'दिया जायेगा । स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीण जी खारीवाल व इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक जी कर्दम को भी विशेष सम्मान से सम्मानित किया जायेगा साथ ही एमपी न्यूज के महेंद्र जी, चैतन्यलोक के अनिल मिश्रा,रेड टीवी की प्रियंका पांडे, प्रभात किरण के विनोद जी निगम व अमर गोमे,डिजियाना चैनल से सुरेश शर्मा,उमेश तिरोटिया, पत्रिका से अजय सिसोदिया को भी सम्मानित किया जायेगा । इस अवसर पर आर्मी से रिटायर्ड जितेंद जी मोर्य को 'राष्ट्र गौरव सम्मान'से सम्मानित अतिथियों द्वारा किया जाएगा।

आज बनेगा स्वच्छता का विश्व रिकॉर्ड

# शहरवासियों से पांच लाख सेल्फी लेने की अपील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वच्छता में देश में मिसाल बन चुके इंदौर अब जनभागीदारी का एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। भारत सरकार के 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान के अंतर्गत इंदौर में 6 प्रकार के पृथक कचरे के साथ 5 लाख सेग्रीगेशन सेल्फी लेने का लक्ष्य रखा गया है। इसके माध्यम से शहर ऐतिहासिक विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रहा है और शहरवासियों से इसमें सहभागी बनने की अपील की गई है।**



दरअसल, इंदौर में अलग-अलग प्रकार का कचरा पृथक (सेग्रीगेट) होकर ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुँचता है। इंदौर को स्वच्छता में सिरमौर बनाने में यही व्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण रही है।स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत इंदौर के सभी 85 वार्डों में नागरिकों के साथ-साथ सफाई मित्र, घर-घर कचरा संग्रहण वाहन चालक एवं हेल्पर, स्वच्छता सहयोगी, स्वयंसेवी संस्थाएँ, शैक्षणिक संस्थान, व्यापारी संगठन तथा रहवासी संघ गीले, सूखे एवं अन्य श्रेणियों में पृथक किए गए कचरे के साथ सेल्फी लेकर अभियान में सहभागिता करेंगे। नगर निगम के सभी घर-घर कचरा संग्रहण वाहनों एवं निर्धारित स्थानों पर भी सेल्फी गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। वार्ड के अलावा जोन स्तर पर नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी इस सेल्फी अभियान का समन्वय करेंगे। इस विश्व रिकॉर्ड प्रयास का उद्देश्य यह संदेश देना है कि इंदौर में प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन की शुरुआत प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान और नागरिक से होती है। कचरे का सही पृथक्करण ही उसके वैज्ञानिक प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग को संभव बनाता है। नगर निगम महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि सभी नागरिक 30 जुलाई को अपने घर या प्रतिष्ठान में पृथक किए गए कचरे के साथ सेल्फी लेकर इस ऐतिहासिक अभियान में शामिल हों। इंदौर की स्वच्छता केवल नगर निगम की उपलब्धि नहीं, बल्कि शहरवासियों, सफाई मित्रों, वाहन चालकों, हेल्परों और स्वच्छता सहयोगियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

# काम की रफ्तार देखकर भड़के निगम कमिश्नर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मालवीय नगर एमआर-9 लिंक से एलआईजी लिंक रोड को जोडने वाली बन रही रोड का काम देख नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल नाराज हो गए। बुधवार को वे अधिकारियों के साथ यहां का काम देखने पहुंचे थे। काम की धीमी रफ्तार, अधूरी व्यवस्थाएं और लापरवाही देख उन्होंने काम करने वाले एजेंसी पर कड़ी नाराजगी जताई।**



उन्होंने रोड बनाने वाली एजेंसी हाईवा इन्फ्रास्ट्रक्चर पर गहरी नाराजगी जताते हुए एजेंसी के प्रतिनिधी को मौके पर ही फटकारा और अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर को एजेंसी को टर्मिनेशन का नोटिस जारी करने को कहा है। यहां लोगों ने लाइट को लेकर शिकायत की, जिस पर निगम कमिश्नर ने उपयंत्री प्रवीण सिंह और उपयंत्री प्रतीक पंवार को शोकाज नोटिस जारी करने को कहा। इधर, जब निगम कमिश्नर इलाके में पहुंचे तो यहां पानी की लाइन में कई लिकेज से पानी बहता मिला। रोड पर कीचड़-गंदगी मिली। रोड के दोनों तरफ पानी की लाइन डालने का काम भी धीमी रफ्तार से चल रहा था। इस पर निगम कमिश्नर ने सहायक यंत्री शरद सोनी पर नाराजगी जताई और शोकाज नोटिस जारी किया। निगम कमिश्नर रोड बनाने के दौरान खुले चेंबर और काम धीमा चलने से योजना शाखा के सहायक यंत्री और उपयंत्री विशाल राठौर पर भी नाराज हुए और शोकाज नोटिस जारी करने को कहा। इसके बाद निगम कमिश्नर ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित लैंडफील पहुंचे और यहां की स्थिति देखी। यहां काफी जगह होने और बारिश के मौसम को देखते हुए बड़े स्तर पर पौधारोपण करने के लिए कहा है। साथ ही ट्रेंचिंग ग्राउंड के अंदर साफ-सफाई व्यवस्था के लिए जरूरी निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार भूमाफियाओं के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

# 40 करोड़ रुपये मूल्य की शासकीय भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास पर बड़ी एवं सख्त कार्रवाई

- भूमाफिया के विरुद्ध एफआईआर दर्ज, अतिक्रमण हटाकर बेदखली की कार्रवाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जिले में भूमाफियाओं एवं शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में इंदौर जिला प्रशासन द्वारा एक बड़ी एवं प्रभावी कार्रवाई की गई है। तहसील एवं अनुभाग मल्हारगंज क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध कॉलोनी विकसित करने के प्रयास का खुलासा होने पर संबंधित भूमाफिया के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए अतिक्रमण हटाने तथा बेदखली की कार्रवाई की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मल्हारगंज एवं तहसीलदार मल्हारगंज द्वारा ग्राम सिरपुर स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 33, रकबा 2.711 हेक्टेयर का परीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि उक्त भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों के अनुसार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के नाम दर्ज है।

जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अज्जू खां पिता भूरु खान, निवासी 17 सम्राट नगर द्वारा शासकीय भूमि को अपनी निजी भूमि सर्वे क्रमांक 37/1 बताकर छोटे-छोटे भूखंड तैयार किए गए तथा नोटरी के माध्यम से उनका विक्रय कर 'न्यू लक्ष्मी नगर' नाम से अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास किया जा रहा था। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि सर्वे क्रमांक 37/1 की भूमि सिद्धनाथ मिश्रीलाल पिता गणपत के नाम दर्ज है तथा उसका स्वामित्व अज्जू खां के नाम पर नहीं है। इसके बावजूद शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा देकर उसे निजी भूमि के रूप में प्रदर्शित किया जा रहा था। उक्त शासकीय भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 40 करोड़ रुपये है।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अज्जू खां पिता भूरु खान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) एवं 316(5) के अंतर्गत थाना चंदननगर में दिनांक 27 जुलाई 2026 को अपराध पंजीबद्ध कराया गया है।

स्थल निरीक्षण के दौरान शासकीय भूमि पर जरीना बी पति अनवर, बबली पति कैलाश तथा यासमीन मंसूरी पति साकिर द्वारा टीनशेड से निर्मित मकानों में निवास किया जाना पाया गया। इनके विरुद्ध राजस्व प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार बेदखली के आदेश पारित किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि इसी क्षेत्र में पूर्व में 4 मई 2026 को अली मोहम्मद, वसीम पठान, शाहरुख कुरैशी, साबरी नबी, गिरीश अखंडे, अनवर, फरहाबी एवं शाहिदा सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा शासकीय भूमि पर छोटे-छोटे भूखंड बनाकर की जा रही फेंसिंग एवं अतिक्रमण को नगर निगम की रिमूवल टीम तथा पुलिस प्रशासन के सहयोग से हटाया गया था।

जांच में यह भी सामने आया है कि संबंधित भूमाफिया द्वारा लगभग 100 से अधिक प्लॉट करीब 5 लाख रुपये प्रति प्लॉट की दर से विक्रय किए गए, जिससे आम नागरिकों के साथ 5 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी किए जाने के तथ्य प्रकाश में आए हैं।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के अनुरूप शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने, भू-माफियागिरी करने तथा आम नागरिकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा दोषियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी दृढ़ता के साथ कार्य कर रहा है।

# प्रेमी ने गला घोटकर मारा, फिर हादसा दिखाने के लिए लगा दी थी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। निजी बैंक की कर्मचारी पलक काशिव की मौत का खुलासा पुलिस ने किया है। पुलिस पहले इसे हादसा समझकर पड़ताल कर रही थी, लेकिन कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरे में कैद फुटेज ने जांच की दिशा बदल दी। पता चला कि युवती का प्रेमी नकाब पहनकर घर आया था। पहले उसने युवती का गला दबाया और जब वह मूर्छित हो गई तो उस पर पेट्रोल डालकर घर में आग लगा दी। हादसा बताने के लिए उसने गैस का बर्नर भी खुला छोड़ दिया था।**



पुलिस ने पलक के प्रेमी मयंक शाक्य को दतिया से गिरफ्तार कर लिया है। मयंक पलक से जबरदस्ती शादी करना चाहता था। पलक ने इनकार कर दिया तो उसने उसकी हत्या करने का फैसला कर लिया। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने हत्या करना कबूल कर लिया और पलक पर पेट्रोल डालकर उसे जलाने की बात भी स्वीकार कर ली। पलक का शव तपेश्वरी के फ्लैट में सोमवार को मिला था। शव दो दिन पुराना था। दरअसल, पलक दो दिन से परिजनों के फोन नहीं उठा रही थी। पिता ने मकान मालिक को फ्लैट पर भेजा तो पलक का शव फ्लैट में मिला। उस समय गैस का बर्नर खुला था और गैस का रिसाव भी हो रहा था। चूल्हे पर कटी हुई सब्जियां रखी थीं। परिस्थितियों को देखकर पुलिस ने पहले इसे हादसा समझा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने की बात सामने आई। , पुलिस ने कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो एक नकाबपोश युवक तेज कदमों से जाता हुआ दिखाई दिया। परिजनों ने बताया कि पलक मयंक से मिलती थी। साइबर विशेषज्ञों की मदद से कॉल डिटेल निकाली गई तो मयंक की लोकेशन खजराना क्षेत्र में मिली। इसके बाद पुलिस का शक पक्का हो गया। पुलिस ने उसे दतिया से गिरफ्तार किया और पूछताछ के लिए इंदौर ले आई।पलक और मयंक, दोनों को गाने का शौक था। दोनों स्टार मेकर्स ऐप से जुड़े थे और वहीं दोनों की दोस्ती हुई थी।

## नगर निगम में पहली बार 39 सफाई संरक्षक बने उप स्वच्छता पर्यवेक्षक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नगर निगम इंदौर ने कर्मचारियों के हित में ऐतिहासिक पहल करते हुए पहली बार 39 सफाई संरक्षकों को स्थानापन्न रूप से उप स्वच्छता पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नत किया है। इनमें छह महिला सफाई संरक्षक भी शामिल हैं। वहीं दो स्वच्छता निरीक्षकों को मुख्य स्वच्छता निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। सामान्य प्रशासन प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशन में मध्य प्रदेश नगर पालिक अधिनियम, 1956 तथा संबंधित सेवा एवं पदोन्नति नियमों के तहत यह निर्णय लिया गया। पदोन्नति के लिए गठित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) ने पात्र कर्मचारियों के सेवा अभिलेखों एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं का परीक्षण कर अनुशंसा की, जिसके आधार पर आदेश जारी किए गए। नगर निगम के अनुसार इस निर्णय से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, लंबे समय से लंबित पदोन्नति की मांग पूरी होगी और शहर की स्वच्छता व्यवस्था के संचालन में अधिक दक्षता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

एक निवेदन

यदि आप साहस और निर्भीकता से खोजी पत्रकार के रूप में कार्य करना चाहते है और अपने आसपास के भ्रष्टाचार/अपराध/अव्यवस्थाओ को उजागर करना चाहते है ।

तो आइए आप हमारे वेबपोर्टल और यूट्यूब चैनल के साथ क्राइम रिपोर्टर के रूप में कार्य करे।

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करे ।

www.detectivegroupreport.com

या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करे

detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख /न्यूज़ और सूचना का सदैव स्वागत है )

# पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े समेत 8 आरोपी बरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर की विशेष सांसद-विधायक (MP-MLA) कोर्ट ने वर्ष 2020 में आगर-मालवा के बड़ौद थाने में दर्ज शासकीय कार्य में बाधा, धमकी और पुलिस से अभद्रता के मामले में पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े समेत आठ आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

मंगलवार 28 जुलाई को दिए कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा। उपलब्ध साक्ष्य और रिकॉर्ड इस बात की पुष्टि नहीं करते कि आरोपियों ने शासकीय कार्य में वास्तविक बाधा डाली या पुलिस पर आपराधिक बल का प्रयोग किया। फैसले में कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि किसी जनप्रतिनिधि या नागरिक का पुलिस अधिकारी से किसी मुद्दे पर विरोध जताना, सवाल पूछना या तर्क-वितर्क करना अपने आप में शासकीय कार्य में बाधा डालने का अपराध नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 353 के तहत अपराध तभी बनता है, जब यह साबित हो कि लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए आरोपी ने आपराधिक बल का प्रयोग किया हो या हमला किया हो। केवल कहासुनी या विरोध दर्ज कराना इस धारा के तहत अपराध की श्रेणी में नहीं आता। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों का परीक्षण किया। कोर्ट ने पाया कि फुटेज में कहीं भी आरोपियों द्वारा टीआई या अन्य पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की, हाथापाई या बल प्रयोग करते हुए नहीं देखा गया। ऐसे में अभियोजन का यह दावा साक्ष्यों से पुष्ट नहीं हो सका। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने पुलिस जांच और साक्ष्यों की विश्वसनीयता पर कई सवाल उठाए। कोर्ट ने भी अपने आदेश में पुलिस जांच और अभियोजन की कार्यप्रणाली पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि उपलब्ध साक्ष्य आरोप सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। ऐसे में संदेह का लाभ आरोपियों को दिया जाना न्यायसंगत है।

23 नवंबर 2020 को तत्कालीन थाना टीआई ने बड़ौद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि तत्कालीन विधायक विपिन वानखेड़े अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे, पुलिस कार्रवाई का विरोध किया, शासकीय कार्य में बाधा डाली और पुलिसकर्मियों को धमकाया।

इस मामले में पूर्व विधायक सहित आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। करीब छह वर्ष तक चली सुनवाई के बाद MP-MLA कोर्ट ने सभी साक्ष्यों और परिस्थितियों का परीक्षण करते हुए सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया।

# मध्यप्रदेश में बाघों का कुनबा निरंतर बढ़ रहा है

## नई गणना में बाघों की संख्या 1000 से अधिक होने का अनुमान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

● सतपुड़ा की तितलियों पर केंद्रित पॉकेट बुकलेट का किया विमोचन

● रातापानी और रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के लोगो का हुआ विमोचन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति और सभी वन्यजीवों के प्रति उदारता की भाव समाहित है। हमारे देवी-देवताओं के वाहन भी अलग-अलग जीवों से जुड़ते हैं। जंगल का राजा बाघ शक्ति की देवी मां दुर्गा का वाहन है। प्रदेश में बाघ, चीता, घड़ियाल, हाथी और जंगली भैंसे सहित अन्य वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में बाघों का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है और मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट का दर्जा हासिल है। प्रदेश में 53 साल पहले बाघों की संख्या दहाई के आंकड़े में सिमटी हुई थी। वर्ष 2016 में बाघों की संख्या लगभग 250 हो गई। वर्ष 2022 की गणना में प्रदेश में 785 बाघ हो गए। अगले साल नई गणना में बाघों की संख्या 1000 से अधिक होने का अनुमान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में समृद्ध जैव विरासत का स्वर्णिम और सुगम काल निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में संबोधित कर रहे थे।

**कान्हा क्षेत्र की घास प्रजातियों पर केन्द्रित पुस्तक का हुआ विमोचन-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने वन्य जीव संरक्षण गतिविधियों पर केंद्रित प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन्यजीव संरक्षण के लिये प्राप्त वाहनों का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बाघ संरक्षण पर केंद्रित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय प्रकाशनों के अंतर्गत सतपुड़ा की तितलियों पर केन्द्रित पुस्तक फ्लटरिंग ज्वेल्स ऑफ सतपुड़ा, कान्हा क्षेत्र की घास प्रजातियों पर केन्द्रित पुस्तक, पिक्टोरियल हरबेरियम ऑफ कान्हा ग्रासेस, वन्यजीवन रेस्क्यू संकलन, बेस्ट प्रैक्टिसेस ऑफ वाईल्ड लाईफ कन्जर्वेशन इन मध्यप्रदेश और बॉयोडायवर्सिटी ऑफ वाईल्ड मशरूम्स इन पेंच टाइगर रिजर्व आदि का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रातापानी टाइगर रिजर्व और वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के लोगो का भी विमोचन किया।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक जन-एक पत्ती अभियान में की भागीदारी-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बारहसिंघा को पुनः बसाने पर केन्द्रित वृत्त चित्र और कान्हा टाइगर रिजर्व में टाइगर रिवाइल्डिंग पर केन्द्रित वृत्त चित्रों के टीजर रिलीज किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य वन्य प्राणी बोर्ड के पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित सदस्यों डॉ. नारायण व्यास और श्री मोहन नागर का अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वन सुरक्षा समितियों, ईको विकास समिति, ग्राम वन समिति और वन कर्मियों को पुरस्कार भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व द्वारा जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए आरंभ किए गए 'एक जन-एक पत्ती - जनभागीदारी, संरक्षण की शक्ति' अभियान में भाग लिया। इसके अंतर्गत उन्होंने पत्ती के आकार की छोटी-कच्ची सिरेमिक टाइल पर बाघ का चेहरा उकेरा। इस प्रकार की टाइल को पकाकर विभिन्न रंगों में विकसित किया जाता है। इन्हीं टाइलों से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के हिनोती पर्यटन द्वार को सजाया जाएगा। यह गतिविधि जनभागीदारी से वन और वन्य जीवन संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पेंच टाइगर रिजर्व के कलाकारों ने कढ़ाईदार शॉल भेंट किया।

**घड़ियाल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस और गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश बाघ संरक्षण के क्षेत्र में अपने सफल प्रयासों और अटूट प्रतिबद्धता के कारण देशभर में विशिष्ट पहचान रखता है। बाघ हमारे समृद्ध वनों, जैव विविधिता और पर्यावरणीय संतुलन के प्रतीक हैं। राज्य सरकार जनभागीदारी से प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण के लिए संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चंबल एशिया में सबसे स्वच्छ जल की नदी है। यहां घड़ियाल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। कूनो क्षेत्र की नदियों में भी घड़ियाल छोड़े गए हैं। मध्यप्रदेश में 100 वर्ष पहले विलुप्त हो चुके जंगली भैंसे का पुनर्वसाहट का काम सफलतापूर्वक किया गया है।

**आधुनिक तकनीक और नवाचारी प्रयासों से हाथियों के संकट से मिली मुक्ति-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दो वर्ष पहले तक हाथियों के कारण डरावने संदेश आते थे। वन विभाग ने आधुनिक तकनीक और नवाचारी प्रयासों से हाथियों के संकट से मुक्ति दिलवाई है। प्रदेश में बहुत जल्द गैंडे भी लाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को समृद्ध जैव विविधता विरासत में मिली है। वन विभाग ने वन प्रबंधन में अपने अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ वन समितियों, स्थानीय ग्रामीणों को साथ जोड़कर प्रदेश को वन्य जीव संरक्षण में नई ऊंचाईयां प्रदान की हैं।

**प्रदेश में प्रतिवर्ष आते हैं 28 लाख वन्य जीव पर्यटक-** प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव श्रीमती समिता राजौरा ने कहा कि रुस में लिए गए संकल्प के बाद वर्ष 2011 से लगातार 29 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जा रहा है। बाघों के संरक्षण में मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राज्य सरकार सभी वन्यजीवों के संरक्षण का प्रण लेकर आगे बढ़ रही है। प्रदेश में प्रतिवर्ष 28 लाख वन्य जीव पर्यटक आते हैं, जिनमें 1 लाख विदेशी भी शामिल होते हैं। प्रदेश के सभी 9 टाइगर रिजर्व्स में वर्तमान में बाघ संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बाघ संरक्षण अभियान में वन समितियां और स्थानीय लोगों का भी विशेष योगदान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश बाघों के साथ सभी वन्य जीवों का संरक्षण हो रहा है। बाघ बचेंगे तो हमारे जंगल बचेंगे।

**वन्य जीव संरक्षण में मध्यप्रदेश का नाम देश-दुनिया में रोशन हो रहा है-** प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री शुभरंजन सेन ने कहा कि मध्यप्रदेश टाइगर स्टेट है। प्रदेश में बाघ और वन्य प्राणियो के संरक्षण का गौरवशाली इतिहास है। मध्यप्रदेश अब चीता स्टेट और लैपर्ड स्टेट भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेतृत्व में वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने नए टाइगर रिजर्व की स्थापना और प्रदेश के इकलौते कंजर्वेशन रिजर्व का भी गठन किया है। वन्यजीव संरक्षण में मध्यप्रदेश का नाम देश-दुनिया में रोशन हो रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव वन श्री राघवेन्द्र सिंह, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, वन समितियों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी और वन और वन्य जीवों में रुचि रखने वाले उपस्थित थे।

---

## ● राहुल शर्मा को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सर्बिया के नोवी साद में आयोजित वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2026 की पी5-10एम एयर पिस्टल स्टेंडर्ड (एसएच1) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर पैरा शूटर राहुल शर्मा को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्री राहुल ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर समस्त देशवासियों का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि श्री राहुल शर्मा की यह ऐतिहासिक उपलब्धि उनकी प्रतिभा, परिश्रम और अटूट संकल्प का परिचायक है।

## ● 21वें साल भी सैनिकों को भेजेंगे राखी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** संगिनी ग्रुप इस वर्ष भी देश की सरहद पर तैनात सैनिकों के साथ रक्षाबंधन मनाएगा। यह लगातार 21वां वर्ष है जब समूह की सदस्य जम्मू-कश्मीर के राजौरी और कारगिल जाकर जवानों की कलाई पर राखी बांधेंगी। सामाजिक संस्था संगिनी ग्रुप पिछले दो दशकों से सैनिकों के लिए रक्षाबंधन को विशेष बनाता आ रहा है। शुरुआत में संस्था डाक के माध्यम से जवानों तक राखियां भेजती थी, लेकिन अब टीम स्वयं सीमावर्ती इलाकों में पहुंचकर सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधती है। इस बार संगठन से जुड़ी महिलाओं का एक दल कारगिल की दो सैन्य पोस्ट और राजौरी सेक्टर की दो सैन्य पोस्ट पर जाकर जवानों के साथ त्योहार मनाएगा। इसके अतिरिक्त, देश के विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के लिए लगभग 10 हजार राखियां डाक द्वारा भी भेजी जा रही हैं।

---

**सावन के पहले दिन महाकाल का अलौकिक श्रृंगार**

# तड़के 3 बजे खुले मंदिर के पट, पंचामृत अभिषेक-भस्म आरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार से सावन मास की शुरुआत हो गई। सावन के पहले दिन तड़के 3 बजे मंदिर के पट खोले गए और परंपरानुसार भगवान महाकाल की भस्म आरती संपन्न हुई।

सबसे पहले बाबा महाकाल का जलाभिषेक और पंचामृत से अभिषेक किया गया। इसके बाद उन्हें भस्म अर्पित कर राजा स्वरूप में भव्य श्रृंगार किया गया। सावन के पहले दिन ही भस्म आरती में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। पूरे सावन माह में महाकाल मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

भस्म आरती के दौरान पुजारियों ने गर्भगृह में विराजमान सभी देवी-देवताओं का विधि-विधान से पूजन किया। भगवान महाकाल का जल, दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया। इसके बाद प्रथम घंटा बजाकर 'हरि ओम' का जल अर्पित किया गया और कपूर आरती की गई। फिर बाबा महाकाल को भांग, चंदन, रजत चंद्र, त्रिपुंड और गुलाब के पुष्पों से अलंकृत कर रजत मुकुट धारण कराया गया। श्रृंगार पूर्ण होने के बाद ज्योतिर्लिंग को वस्त्र से ढंककर भस्म अर्पित की गई।



भस्म अर्पण के बाद भगवान महाकाल का भांग, ड्राय फ्रूट, आभूषण और सुगंधित पुष्पों से राजा स्वरूप में दिव्य श्रृंगार किया गया। बाबा को रजत शेषनाग मुकुट, रजत मुंडमाला, रुद्राक्ष की माला और पुष्पहार अर्पित किए गए। साथ ही फल और मिष्ठान का भोग भी लगाया गया।

भस्म आरती में शामिल श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दिव्य दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महा निर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई। धार्मिक मान्यता है कि भस्म अर्पण के बाद भगवान महाकाल निराकार से साकार स्वरूप में भक्तों को दर्शन देते हैं।

---

## मप्र और उप्र पुलिस पर किया पथराव

**सारंगपुर।** राजगढ़ जिले के बोड़ा थाना क्षेत्र के कड़िया गांव में चोरी के आरोपी को पकड़ने गई एमपी-यूपी पुलिस की संयुक्त टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर पथराव किया। मंगलवार रात करीब 11 बजे हुई घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, यूपी के ललितपुर जिले में दर्ज चोरी के एक मामले के आरोपी की तलाश में ललितपुर पुलिस की सात सदस्यीय टीम बोड़ा थाना पुलिस के लगभग 10 कर्मियों के साथ कड़िया गांव पहुंची थी। पुलिस जैसे ही आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्रवाई कर रही थी, आरोपी के परिजनों और अन्य ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। तीनों घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल पचोर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों आरक्षकों को बेहतर इलाज के लिए ब्यावरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## संपादकीय

# एक शिक्षक के भरोसे देश के एक लाख स्कूल

सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि देश में एक लाख से ज्यादा स्कूल एक टीचर के भरोसे चल रहे हैं। इनमें सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और प्राइवेट सभी स्कूल शामिल हैं। अकेले आंध्र प्रदेश में ऐसे 16,000 से ज्यादा स्कूल हैं। यह आंकड़े टीचरों की तैनाती में भारी कमी को दिखाते हैं, जबकि देश का कुल स्टूडेंट-टीचर अनुपात राष्ट्रीय मानकों के दायरे में है। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि स्टूडेंट-टीचर अनुपात प्राइमरी लेवल पर 19, अपर प्राइमरी पर 17, सेकेंडरी पर 15 और हायर सेकेंडरी पर 23 है। ये सभी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तय सीमा के भीतर हैं। हालांकि, एक-टीचर वाले स्कूलों के आंकड़े बताते हैं कि अच्छे राष्ट्रीय औसत के पीछे टीचरों की उपलब्धता में स्थानीय स्तर पर भारी असंतुलन छिपा हुआ है। UDISE+ के 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में सभी मैनेजमेंट कैटेगरी में कुल 1,00,843 स्कूल ऐसे हैं जिनमें सिर्फ एक टीचर है। आंध्र प्रदेश इस लिस्ट में टॉप पर है। आंध्र प्रदेश 16,357 ऐसे स्कूलों के साथ लिस्ट में सबसे ऊपर है, जो देश के कुल ऐसे स्कूलों का 16 फीसदी से ज्यादा है। इसके बाद झारखंड (9,827) और महाराष्ट्र (9,269) का नंबर आता है। कर्नाटक में 8,042, यूपी में 7,874, राजस्थान में 7,200 और पश्चिम बंगाल में 6,769 ऐसे स्कूल हैं। इन सात राज्यों में मिलकर एक टीचर वाले कुल स्कूलों का लगभग 65 फीसदी हिस्सा है। यह समस्या सिर्फ गरीब या भौगोलिक रूप से मुश्किल राज्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि अलग-अलग इलाकों में फैली हुई है। तेलंगाना में ऐसे 4,793, तमिलनाडु में 3,957 और असम में 3,159 स्कूल हैं हिमाचल प्रदेश में 3,128, उत्तराखंड में 2,655 और छत्तीसगढ़ में 2,461 स्कूल हैं। दूसरी ओर, केरल में 67, नागालैंड में 35, सिक्किम में 31, लद्दाख में 28 स्कूल में सिर्फ एक टीचर हैं। दिल्ली में सात और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक स्कूल में सिर्फ एक टीचर हैं। ये आंकड़े शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने राज्यसभा में टीचरों के खाली पदों से जुड़े एक सवाल के जवाब में दिए। हालांकि सवाल में खास तौर पर सरकारी स्कूलों के डेटा की मांग की गई थी, लेकिन सिंगल-टीचर वाले स्कूलों के बारे में दी गई जानकारी में सभी तरह के मैनेजमेंट वाले स्कूल शामिल हैं। मंत्रालय ने राज्यों के हिसाब से मंजूर पदों या खाली जगहों की जानकारी नहीं दी। सरकार का कहना था कि शिक्षकों की भर्ती, नौकरी की शर्तें और तैनाती का काम राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन देखते हैं। उन्होंने खाली पदों की वजह रिटायरमेंट, इस्तीफा, नए पद बनाना, स्टाफ का सही बंटवारा और एनरोलमेंट में बदलाव (जिसमें ग्रामीण, आदिवासी और आकांक्षी जिले भी शामिल हैं) को बताया। सरकार ने कहा कि राज्यों को सलाह दी जाती रही है कि वे पारदर्शी और मेरिट-आधारित भर्ती के जरिए पद भरें और शिक्षकों की जरूरत का अंदाजा लगाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करें।.

## ज्ञान-विज्ञान

ऐसा कहा जाता है कि दुनिया में ऐसे कई शहर थे, जो प्राकृतिक आपदाओं, भूकंपों या समुद्र के बढ़ते जलस्तर के कारण हमेशा के लिए पानी के नीचे समा गए हैं। ऐसे ही एक जलमग्न शहर ने विशेषज्ञों को चौंकाया है।

### ● तुर्की में पानी के नीचे 'अजूबा'

# दिखा 2400 साल पहले डूबा प्राचीन शहर

**घरों को सही सलामत देखकर अचंभे में एक्सपर्ट**



पानी के नीचे की दुनिया ने एक बार फिर वैज्ञानिकों को हैरान किया है। इस हैरानी की वजह एक नई खोज है। यह खोज तुर्की के दक्षिण-पूर्व में डिकले बांध के जलाशय वाले हिस्से में पानी के नीचे की गई है। एक्सपर्ट को यहां सदियों पुराने किसी एक डूबे हुए जहाज के बजाय 2,400 साल पुराने एक प्राचीन शहर के अवशेष मिले हैं। इसकी कई चीजें आज भी जिस तरह से बची हुई हैं, उसने एक्सपर्ट को हैरत में डाल दिया है।

एस डॉट कॉम की रिपोर्ट कहती है कि यह एक अहम खोज है, जो दुनियाभर में समुद्रों, महासागरों या झीलों के पानी के नीचे छिपे कई रहस्यों को उजागर करती है। डिकले यूनिवर्सिटी की इस स्टडी में घरों-मोहल्लों के साथ-साथ मकबरों, मस्जिदों और धार्मिक स्कूलों के होने का पता चला है, जो सभी पानी के नीचे सदियों से होते हुए भी अच्छी हालत में सुरक्षित हैं।

### 1990 में बना जलाशय

डिकले बांध बनने के बाद 1990 के दशक के आखिर में यह जलाशय बना था। दशकों तक ये संरचनाएं लोगों की नजर से छिपी रहीं। पानी के शांत होने और इंसानी दखल ना होने की वजह से ये अब तक सामने नहीं आई थीं। भारी बारिश के बाद बांध के एक गेट में तकनीकी खराबी के कारण पानी का स्तर कम हुआ, जिससे ये दिखाई देने लगीं।

रिसर्चर्स ने पानी के नीचे 78 घरों के अवशेषों की पहचान की है, जिससे पता चलता है कि इस इलाके में कभी काफी बड़ी आबादी रहती होगी। टाइग्रिस नदी के किनारे खेती वाले इलाके बताते हैं कि यहां की अर्थव्यवस्था खेती पर आधारित थी। इस जगह पर मस्जिद और मदरसा जैसी धार्मिक संरचनाएं और कई कब्रिस्तान भी मिले हैं।

### सभ्यताओं का मिलन-स्थल

बांध बनने से पहले एगिल जिला कई प्राचीन सभ्यताओं का घर था और यह साम्राज्यों और संस्कृतियों का मिलन-स्थल था, जिन्होंने इस इलाके पर अपनी छाप छोड़ी। यह नई खोज साफतौर पर दिखाती है कि सदियों में यह बस्ती कैसे विकसित हुई। कुछ संरचनाएं तो 5वीं सदी ईसा पूर्व (BC) की हैं। फिर भी घाटी के व्यापक इतिहास की तुलना में ये मिले हुए अवशेष अपेक्षाकृत नए हैं।

यह खोज पुरातत्वविदों के लिए चुनौती भी पेश करती है। जल स्तर में उतार-चढ़ाव, तलछट का खिसकना और कटाव से ये खंडहर गायब हो सकते हैं। इन्हें बचाने और रिकॉर्ड रखने के लिए सही कदम उठाना जरूरी है। यिल्दिज ने बताया कि इन अवशेषों पर पानी के नीचे पुरातत्व संबंधी अध्ययन संभव है। उन्होंने इस जगह का नक्शा बनाने और भविष्य के लिए इसे सुरक्षित रखने की जरूरत पर जोर दिया।

**हमारी टीमों के लोगों की ली गई तस्वीरों में या जब पानी का स्तर कम होता है तो हम देख सकते हैं कि ये ऐतिहासिक संरचनाएं अपनी बनावट के साथ अच्छी हालत में खड़ी हैं।**

**- डिकले यूनिवर्सिटी के रिसर्चर इरफान यिल्दिज**

New Delhi

# 1 अगस्त से कीमतों में बदलाव : मिडिल-क्लास परिवारों को झटका, पूरे भारत में तेल, साबुन, टीवी, फ्रिज और कारें हो जाएंगी महंगी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) अगस्त महीने की शुरूआत होते ही आम आदमी को बड़ा झटका लगने वाला है। दरअसल, 1 अगस्त से पूरे भारत में तेल, साबुन, TV, फ्रिज और कारें महंगी हो जाएंगी। इसका कारण इनपुट कॉस्ट बढ़ना और ग्लोबल सप्लाई चेन में रुकावटें है जिसके चलते FMCG प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, कारों और कपड़ों की कीमतें बढ़ने वाली हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कई इंडस्ट्रीज प्रोडक्शन और इम्पोर्ट की लागत बढ़ने के कारण कीमतें बढ़ाने की योजना बना रही हैं।**

बता दें कि रोजमर्रा की चीजें जैसे चाय, बालों का तेल, साबुन और अन्य तेजी से बिकने वाले कंज्यूमर गुड्स (FMCG) अगले महीने 6% से 8% तक महंगे हो सकते हैं। ये प्रोडक्ट्स रोज इस्तेमाल होते हैं, इसलिए कीमतों में बढ़ोतरी का असर ज्यादातर घरों पर पड़ने की संभावना है।

रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और टेलीविजन जैसे घरेलू उपकरणों की कीमतों में 4% से 6% तक की बढ़ोतरी हो सकती है। स्मार्टफोन भी महंगे हो सकते हैं क्योंकि हाल के महीनों में मेमोरी चिप की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

### नई कार खरीदना महंगा

कीमतों में बढ़ोतरी का असर ऑटोमोबाइल सेक्टर पर भी पड़ेगा। मारुति सुजुकी ने घोषणा की है कि वह अगस्त से अपनी गाड़ियों की कीमतों में 30,000 तक की बढ़ोतरी करेगी। होंडा कार्स और मर्सिडीज-बेंज समेत अन्य कार निर्माता भी आने वाले हफ़्तों में कीमतें बढ़ाने की योजना बना रहे हैं क्योंकि वे बढ़ी हुई इनपुट लागत का बोझ ग्राहकों पर डाल रहे हैं।

Rajasthan

# बारिश थमी तो सड़क पर दिखे 5 मगरमच्छ!

## ● रणथंभौर से बहकर मुख्य मार्ग तक पहुंचे, राहगीरों में मची दहशत

**सवाई माधोपुर.** रात का वक्त था. सड़क पर गाड़ियां गुजर रही थीं. तभी अचानक सामने ऐसा नजारा दिखा कि लोगों ने ब्रेक लगा दिए. सड़क पर एक नहीं, दो नहीं, बल्कि पांच-पांच मगरमच्छ घूम रहे थे. कुछ लोग डर गए. कुछ ने मोबाइल निकाल लिए और वीडियो बनाने लगे. यह मामला राजस्थान के सवाई माधोपुर का है, जहां लगातार हो रही भारी बारिश के बाद रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान से मगरमच्छ बहकर आबादी और मुख्य मार्ग तक पहुंच गए. घटना शेरपुर गांव के पास कुंडेरा–सवाई माधोपुर मार्ग पर स्थित झरेटी रपट की है. रणथंभौर के जंगल से निकलने वाले झरेटी नाले में बारिश के कारण तेज बहाव आ गया. इसी बहाव के साथ कई मगरमच्छ भी नीचे की ओर आ गए.

Jharkhand

### झारखंड में अवैध कोयला खनन और रंगदारी मामले पर ED का बड़ा एक्शन...

# धनबाद में 31 जगहों पर रेड में 160 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

**धनबाद, (एजेंसी)** झारखंड के धनबाद में अवैध कोयला खनन और तस्करी के मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई हुई है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची जोनल कार्यालय ने 28 जुलाई को झारखंड के धनबाद जिले में इकतीस ठिकानों पर छापेमारी की.

यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) 2002 के तहत की गई. यह छापेमारी अनिल गोयल, एलबी सिंह, हरेंद्र चौहान और अन्य लोगों से जुड़े मामलों में हुई. जिन ठिकानों पर तलाशी ली गई वे इन आरोपियों के करीबी लोगों, रिश्तेदारों और कंपनियों से जुड़े हुए हैं. इसमें गणेश यादव, पप्पू मंडल, रोहित यादव और माधो सिंह जैसे कंपनी निदेशकों के ठिकाने



भी शामिल थे. ईडी ने यह जांच झारखंड पुलिस द्वारा दर्ज कई एफआईआर के आधार पर शुरू की थी. इन आरोपियों पर अवैध कोयला खनन, चोरी के कोयले की तस्करी, कोयला उठाव पर जबरन वसूली और इससे जुड़ी अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है.

New Delhi

# आफत बना मॉनसून... पूर्वोत्तर में बाढ़ से बिगड़े हालात, उत्तराखंड समेत कई राज्यों में 4 दिन भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के कई हिस्सों में भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं. एक तरफ उत्तराखंड में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं, भूस्खलन के चलते 109 सड़कें बंद हो गई हैं और चारधाम यात्रा को फिर रोकना पड़ा है. दूसरी तरफ असम में बाढ़ से अब तक 78 लोगों की जान जा चुकी है और तीन लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से बात कर हालात का जायजा लिया. वहीं मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले तीन से चार दिन देश के कई राज्यों में भारी बारिश का दौर जारी रहेगा, जिससे परेशानी और बढ़ सकती है. बुधवार को अमित शाह ने सात दिन में दूसरी बार हिमंत बिस्वा सरमा को फोन किया और असम के बाढ़ हालात पर चर्चा की. शाह ने राज्य को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया. सरमा ने बताया कि 21 जुलाई के बाद तेज बारिश नहीं हुई है, इसलिए बाढ़ का पानी कम हो रहा है, लेकिन नुकसान इतना ज्यादा है कि लोग अपने घरों को नहीं लौट पा रहे. कई घर मलबे और कीचड़ में दब गए हैं और सड़कें भी नागालैंड की पहाड़ियों से आए मलबे की वजह से बंद हैं. सरमा ने कहा कि फिलहाल किसी अंतरराष्ट्रीय मदद की जरूरत नहीं है क्योंकि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर हालात संभालने में सक्षम हैं. उन्होंने यह भी बताया कि पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के निर्देश पर वे गुरुवार को बैंकों के साथ बैठक कर बाढ़ प्रभावित लोगों के लोन को लेकर राहत उपायों पर चर्चा करेंगे. इसी बीच केंद्र की एक टीम ने चार दिन तक शिवसागर, चराइदेव, जोरहाट और गोलाघाट जिलों का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया.

## खेल

# वैभव सूर्यवंशी का धमाका: T20I रैंकिंग में लगाई 230 स्थान की छलांग, Ishan Kishan का जलवा कायम

15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने ICC की ताजा मेंस T20I बैटिंग रैंकिंग (ICC Rankings 2026) में लंबी छलांग लगाई है। हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की हालिया 3-0 सीरीज जीत के दौरान सूर्यवंशी ने 50.33 की औसत से 151 रन बनाए और अपना पहला 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' अवॉर्ड जीता। बुधवार को ICC द्वारा अपडेट की गई साप्ताहिक रैंकिंग में उनके इस शानदार प्रदर्शन का असर साफ दिखा।

15 साल के इस खिलाड़ी ने कुल 230 पायदान की छलांग लगाई और T20I बल्लेबाजों की रैंकिंग में 48वें स्थान पर पहुंचकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की। इस रैंकिंग में उनके साथी खिलाड़ी ईशान किशन नंबर 1 पर हैं।

जिम्बाब्वे में खेली गई सीरीज के दूसरे मैच के बाद किशन ने भी अपने करियर की सबसे अच्छी रेटिंग हासिल की। इस बाएं हाथ



के बल्लेबाज ने शानदार 81 रन बनाए और 916 पॉइंट्स तक पहुंच गए। यह अब तक की तीसरी सबसे अच्छी बैटिंग रेटिंग है। उनसे आगे सिर्फ उनके साथी अभिषेक शर्मा (931 रेटिंग पॉइंट्स) और इंग्लैंड के डेविड मलान (919) हैं। सीरीज खत्म होने पर किशन की रेटिंग 910 पॉइंट्स हो गई, लेकिन फिर भी वह दूसरे स्थान पर मौजूद साहिबजादा फरहान (848) से काफी आगे हैं।

जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का बल्ला खामोश रहा था। उन्होंने 3 मुकाबलों में सिर्फ 11 रन बनाए थे। इस शर्मनाक प्रदर्शन का असर उनकी रैंकिंग में देखने को मिला है। अभिषेक को 1 स्थान का नुकसान हुआ है और वह तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

### मेंस टी20I बैटिंग रैंकिंग

ईशान किशन- 910 रेटिंग
साहिबजादा फरहान- 848 रेटिंग
अभिषेक शर्मा- 819 रेटिंग
फिल सॉल्ट- 799 रेटिंग
पथुम निसंका- 751 रेटिंग
तिलक वर्मा- 750 रेटिंग
जोस बटलर- 748 रेटिंग
हैरी ब्रूक- 734 रेटिंग
मिचेल मार्श- 706 रेटिंग
डेवाल्ड ब्रेविस- 702 रेटिंग

## ● टॉप पर पहुंचे कप्तान गिल

वनडे रैंकिंग (ICC Player Rankings) में कप्तान शुभमन गिल को फायदा हुआ है। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर टॉप पर पहुंच गए हैं। गिल हाल ही में अफगानिस्तान और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलते नजर आए थे। आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में टॉप-5 में 3 भारतीय हैं। विराट कोहली तीसरे और रोहित शर्मा चौथे पायदान पर हैं।

## सिनेमा

# सफेद हाथी से लड़ा रावण, कौन है ऐरावत, महाकाव्य से क्या है कनेक्शन?



रामायणः पार्ट 1 का ट्रेलर देखने के बाद दर्शक कई पौराणिक किरदारों और जीवों को लेकर उत्सुक हैं, जो नितेश तिवारी के इस भव्य विजुअल शो में दिखाए गए हैं. सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले पलों में से एक है ऐरावत की झलक, जो भगवान इंद्र का दिव्य सफेद हाथी माना जाता है. ट्रेलर में ये सफेद हाथी रावण के साथ एक शानदार सीन में नजर आता है. आइए इसके बारे में और जानते हैं.

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, ऐरावत भगवान इंद्र का दिव्य हाथी है, जो देवताओं के राजा इंद्र का वाहन है. उसे आमतौर पर एक विशाल, चमकदार सफेद हाथी के रूप में बताया गया है और उसका संबंध बादलों, बारिश और इंद्र के स्वर्गीय लोक से माना जाता है.

विभिन्न परंपराओं में ऐरावत को अभ्रमातंग और नागयांति जैसे नामों से भी जाना जाता है. बारिश और आकाश से उसका संबंध इंद्र से उसकी नजदीकी को दिखाता है, जिन्हें वैदिक परंपरा में तूफान और वर्षा के देवता माना जाता है. ऐरावत हिंदू पौराणिक कथाओं की व्यापक दिव्य दुनिया से जुड़ा है और मुख्य रूप से इंद्र से संबंधित है, ना कि रामायण का केंद्रीय पात्र है. लेकिन रामायणः पार्ट 1 के ट्रेलर में इसका दिखना कहानी को राम, सीता और रावण से आगे बढ़ाकर एक बड़े सिनेमाई संसार के रूप में पेश करता है. ट्रेलर में रावण को ऐरावत से लड़ते हुए दिखाया गया है.

## Highlights

1. Waris Punjab De workers protest in Chandigarh demanding release of jailed MP Amritpal
2. Rijiju recalls how MPs blocked PM's seat after Rahul says he's not being allowed to speak
3. No Oppn MPs condemned criminals' presence at student protests: BJP
4. 'Home Minister authorised shooting of students,' says Rahul in LS; Govt seeks apology & proof
5. DU's St Stephen's College bans shorts in classrooms, students wear shorts in protest
6. Uproar in Parliament over Rahul's 'idiot, andhbhakt' remark; Rajnath intervenes
7. Rahul uses abusive, demeaning language; it's not good for country: Rijiju

# The Samsung Galaxy Z Fold8 ushers a spectacular era for foldables



**NEW DElHI, (Agency).** Many years ago, Samsung showed the way with foldable smartphones, and every rival then exhausted many more years trying to catch up. Some have, many haven't, and perception battles aren't easy to win. For everyone critical of Samsung's incremental foldable experience improvements at different points over the past few years, this is the Korean giant's resounding response; they haven't dozed off at the wheel. The Samsung Galaxy Z Fold8 will be, mark my words, a milestone that defines foldables for the next few years. History has set about repeating itself. Rival phone makers will again spend years trying to match Samsung's benchmark with a different form factor foldable. And I'll say this with unwavering conviction — the passport-size and stylish foldable smartphones are surprisingly handy, remarkably fun and the sort of form factor you didn't know you needed.

We live in times dictated by geopolitical uncertainties that affect supply chains and component costs, and there is no reason to hope that the very likeable Galaxy Z Fold8 will be any less premium priced than expected. Prices start at ₹1,79,999 for the 12GB memory and 256GB storage specification. The 512GB storage spec costs another ₹20,000 while the highest tier 16GB + 1TB combination will demand you part with ₹2,39,999 of your money. The foldable portfolio is now a troika, with the Galaxy Z Fold8 Ultra and the Galaxy Z Flip8 for company. Mind you, this chapter has been written exactly a year after the radical design overhaul of the Z Fold7 last year. Clearly, Samsung isn't resting on its achievements.

The Galaxy Z Fold8 is three form factors in one. And all three are incredibly usable. Including the cover screen (that's Samsung learning from the early days of the book style foldable). While Samsung isn't the first to make the passport style foldable (that's the Huawei Pura X Max launched earlier this year), it certainly leads the way in terms of global relevance. There is the very usable cover screen, 5.5-inch with 1972x1248 pixels and a 10:16 aspect ratio that makes it more of a square, than a tall screen real estate. Surprisingly usable, even for message conversations and the reduced height means you'll find it incredibly ergonomic for single hand use. Most apps already respond well to this aspect ratio, and expect that to come across all apps in the coming updates.

Then there's the larger 7.6-inch foldable screen that's wider in aspect ratio than most foldable phones, including its sibling the Galaxy Z Fold8 Ultra. There are advantages to that extra horizontal real estate in this viewing scenario — two apps side by side get more space to use, and the scaling is closer to traditional phones. Or for watching Live sports, movies and YouTube videos. And that's before you factor in the possibility of flipping the phone over and positioning it in tent mode.

# तांत्रिक क्रिया का डर दिखाकर नाबालिग से दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राऊ थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म, तांत्रिक क्रिया के नाम पर डराने-धमकाने और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की मदद से अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने छात्रा के रिश्तेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

राऊ पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर सचिन नामदेव के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोप है कि अप्रैल 2026 में उसने पीड़िता को घर में अकेला पाकर डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह लगातार तांत्रिक क्रिया का भय दिखाकर उसे धमकाता रहा। आरोपी की धमकियों से भयभीत होकर छात्रा ने स्कूल जाना भी बंद कर दिया। जब उसकी मां ने कारण पूछा तो उसने पूरी घटना बताई। पुलिस के अनुसार पीड़िता का परिवार पहले गुजरात में रहता था। आरोपी सचिन ने परिवार को भूत-प्रेत बाधा का डर दिखाया और कामकाज ठीक नहीं चलने का हवाला देकर इंदौर आने के लिए तैयार किया। इसके बाद वह परिवार को इंदौर लेकर आया, जहां छात्रा के पिता काम करने लगे। पुलिस का कहना है कि आरोपी शुरू से ही पीड़िता पर गलत नजर रखता था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दुष्कर्म के बाद आरोपी ने धमकी दी कि यदि उसने उससे संबंध नहीं रखे तो वह तांत्रिक क्रिया करवाकर उसके माता-पिता को मरवा देगा। इसी डर के कारण उसने स्कूल जाना बंद कर दिया। जब पीड़िता ने अपनी मां को पूरी घटना बताई और परिवार ने आरोपी को समझाने का प्रयास किया, तो उसने कहा कि वह बालिग हो जाएगी तो जादू टोने से उसे अपने वश में कर लेगा। उसे रोकने की कोशिश की तो एआई से बेटी के अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर देगा।

## पुराने विवाद में युवक व किशोर पर डंडों से हमला, तीन आरोपियों पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आजाद नगर थाना क्षेत्र के अभिषेक नगर दरगाह के पास पुराने विवाद को लेकर दो युवकों पर डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घायल सन्नी पटेल (17) निवासी अभिषेक नगर और अतुल पटेल (28) निवासी विराट नगर, मुसाखेड़ी ने बताया कि 26 जुलाई की रात करीब 9.30 बजे दोनों भोजन के बाद अभिषेक नगर दरगाह के पास टहल रहे थे। इसी दौरान राजा चौहान, रोहित बोरासी और रितिक नरवले वहां पहुंचे और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने डंडों से दोनों के साथ मारपीट कर दी। हमले में अतुल पटेल के पैर और पीठ तथा सन्नी पटेल के पैर, कंधे और पीठ में चोटें आईं। पीड़ितों का आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने दोबारा सामने आने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद दोनों घायलों को उनके भाई आयुष पटेल उपचार के लिए मेडिस्टा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से मिली सूचना पर आजाद नगर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कुख्यात चेतन नाथ का साथी अंकित यादव गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी पुलिस ने कुख्यात बदमाश चेतन नाथ के एक और साथी को गिरफ्तार किया है। आरोपी चेतन के साथ मिलकर गांजे की तस्करी करता था। पुलिस ने करीब एक माह की तलाश के बाद बुधवार को उसे गिरफ्तार किया। मामले में अब भी दो आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।**

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अंकित पुत्र अशोक यादव निवासी बालदा कॉलोनी है। कुछ दिन पहले द्वारकापुरी पुलिस ने चेतन नाथ को भारी मात्रा में 8 किलो गांजा, एमडी ड्रग्स और 19 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में चेतन ने अपने तीन साथियों के नाम बताए थे, जिनमें अंकित भी शामिल था। पुलिस के मुताबिक अंकित यादव के खिलाफ पहले से 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें अवैध नशे के कारोबार, मारपीट और अन्य अपराध शामिल हैं। चेतन नाथ से पूछताछ के आधार पर पुलिस उसके अन्य दो साथियों की तलाश कर रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस के अनुसार चेतन नाथ का परिवार भी आपराधिक गतिविधियों से जुड़ा रहा है। उसकी बहन सीमा नाथ पर आबकारी और एमडी ड्रग्स तस्करी सहित कई मामले दर्ज हैं। कुछ माह पहले क्राइम ब्रांच ने उसे 45 लाख रुपए नकद और गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। वहीं, चेतन के जीजा महेश टोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर अपराध दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि सीमा की गिरफ्तारी के बाद चेतन ही उसके अवैध कारोबार को संभाल रहा था। वह एक हत्या के प्रयास के मामले में जमानत पर बाहर था और इसी दौरान अवैध हथियारों की तस्करी के साथ नशे का कारोबार भी कर रहा था।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सवार ने पुलिस स्टॉपर तोड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खजराना थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सवार पुलिस की चेकिंग तोड़कर फरार हो गया। आरोपी ने बैरिकेडिंग के लिए लगाए गए पुलिस स्टॉपर को टक्कर मारकर तोड़ दिया और मौके से भाग निकला। गनीमत रही कि ड्यूटी पर तैनात किसी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई। मामले में थाना प्रभारी ने स्वयं शिकायत दर्ज कराते हुए स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि स्टार चौराहे पर नियमित वाहन और शराब जांच अभियान चलाया जा रहा था। देर रात करीब एक बजे तीन-चार पुलिसकर्मी स्टॉपर लगाकर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान काले रंग की एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वहां पहुंची। पुलिस ने चालक को रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने वाहन रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ा दी और स्टॉपर को टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद पुलिसकर्मियों ने वायरलेस सेट पर वाहन की सूचना प्रसारित की, लेकिन चालक हाथ नहीं लगा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और स्कॉर्पियो का रजिस्ट्रेशन नंबर पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। आरोपी की तलाश जारी है।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक